भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1626
मंगलवार, 03 अगस्त, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र

1626. श्री नीरज डांगी:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के लोगों, विशेषकर किसानों को मौसम का सटीक पूर्वानुमान प्रदान करने के उद्देश्य से नए स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) किसानों तक मौसम का पूर्वानुमान पहुँचाने की व्यवस्था का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार द्वारा किसानों को मौसम का सटीक पूर्वानुमान प्रदान करने हेतु संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जा रहा है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हाँ। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नेटवर्क के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों में स्थित जिला कृषि मौसम इकाइयों में कृषि - स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना की ज़िम्मेदारी ली है । ग्रामीण कृषि मौसम सेवा (जीकेएमएस) योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय कृषि मौसम परामर्शी सेवाओं (एएएस) को सुदृढ़ बनाने के लिए 200जिला कृषि मौसम इकाइयों में कृषि-स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं।

(ख) 200 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सूची, जहां कृषि-स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है, अनुलग्नक-I में है।

(ग) मौसम आधारित प्रचालन कृषि मौसम परामर्शी सेवाएँ अर्थात भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त रूप से भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा प्रदान की गई ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, देश में कृषक समुदाय के लाभ के लिए मौसम आधारित फसल और पशुधन प्रबंधन रणनीतियों और संचालन की दिशा में एक कदम है। योजना के तहत, जिला और ब्लॉक स्तर पर मध्यम अवधि मौसम का पूर्वानुमान सृजित किया जाता है और पूर्वानुमान के आधार पर , कृषि मौसम परामर्शिकाएं तैयार की जाती हैं और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ स्थित कृषि मौसम क्षेत्र इकाइयों (एएमएफयू) और कृषि विज्ञान केंद्रों में जिला कृषि मौसम इकाइयों द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को किसानों को सूचित की जाती है। ये कृषि मौसम परामर्शिकाएं किसानों को दिन-प्रतिदिन के कृषि कार्यों पर निर्णय लेने में मदद करती है। इसके कारण कम वर्षा की स्थिति और चरम मौसम की घटनाओं के दौरान मौद्रिक नुकसान को कम करने और फसल की उपज को अधिकतम करने के लिए कृषि स्तर पर इनपुट संसाधनों का और अधिक उपयोग किया जा सकता है।

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा योजना के तहत भारत मौसम विज्ञान विभाग समय-समय पर बारिश की स्थिति और मौसम की गड़बड़ी की निगरानी करता है और किसानों को अलर्ट और चेतावनियां जारी करता है। किसानों द्वारा समय पर फसल संबंधी कार्य करने के लिए उपयुक्त उपचारात्मक उपायों के साथ-साथ चरम मौसम की घटनाओं के लिए एसएमएस-आधारित अलर्ट और चेतावनी जारी की जाती हैं। आपदा के प्रभावी प्रबंधन के लिए इस तरह के अलर्ट और चेतावनियां राज्य के कृषि विभाग के साथ भी साझा की जाती हैं।

(घ)-(ङ) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए किसान पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए एसएमएस सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, दूर दर्शन, रेडियो, इंटरनेट आदि जैसे मल्टीचैनल प्रसार प्रणाली के माध्यम से और सरकारी निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत निजी कंपनियों के माध्यम से भी किसानों को कृषि मौसम परामर्शिकाएं भेजी जाती हैं। इस समय, देश में 43.37 लाख किसान सीधे एसएमएस के माध्यम से कृषि मौसम परामर्शिकाएं प्राप्त करते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा अपने वेब पोर्टल में संबंधित जिला स्तरीय परामर्शिकाओं का लिंक भी दिया गया है। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल ऐप *अर्थात* **'मेघदूत'** भी लॉन्च किया गया है, ताकि किसानों को उनके जिलों में अलर्ट और संबंधित कृषि मौसम परामर्शिकाओं सहित मौसम की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिल सके।

अनुलग्नक-I

200 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सूची जहां कृषि- स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित है (115 संभावित) जिलों को कवर करते हुए				
क्रम सं.	**राज्य**	**सं.**	**ज़िला**	**केवीके नाम**
1	**आंध्र प्रदेश**	9	प्रकाशम	केवीके प्रकाशम (दरसाई)
2			पूर्वी गोदावरी	केवीके कलावचारला
3			*वाईएसआर कडप्पा	केवीके उत्तुकुर
4			*विजयनगरम	केवीके, रस्ताकुंटुबाई
5			नेल्लोर	केवीके एके नगर
6			कुरनूल	केवीके बनवासी गांव
7			पश्चिम गोदावरी	केवीके वेंकटरमन्नागुडेम
8			कृष्णा	केवीके गरिकापाडु
9			श्रीकाकुलम	केवीके अंबाडवासला
10	**अरुणाचल प्रदेश**	3	*नामसाई	जिला लोहित
11			पापुमपारे	केवीके पापुमपारे
12			तवांग	केवीके तवांग
13	**असम**	8	*हैलाकांडी	केवीके हैलाकांडी, चांदपुर
14			*धुबरी	केवीके धुबरी, एएयू, बिलासीपर
15			*बारपेटा	केवीके बारपेटा, हाउली
16			कछार	केवीके कछार
17			*दारांग	केवीके दरांग, मंगलदोई
18			*बक्सा	केवीके बक्सा
19			*उदालगुरी	केवीके उदालगुरी, एएयू, लालपूल
20			*गोलपारा	केवीके गोलपारा, दुधोनी, गोलपारा, असम
21	**बिहार**	14	*खगड़िया	केवीके खगड़िया
22			*गया	केवीके गया
23			*पूर्णिया	केवीके पूर्णिया (जलालगढ़)
24			पूर्वी चंपारण	केवीके पिपराकोठी
25			*बेगूसराय	केवीके बेगूसराय (खोडावनपुर)
26			*कटिहार	केवीके कटिहार (तिंगचिया)
27			*सीतामढ़ी	केवीके सीतामढ़ी
28			*शेकपुरा	केवीके शेखपुरा
29			*नवादा	केवीके कौकौल, नवादा
30			* बांका	केवीके विजयनगर
31			*जमुई	केवीके खादीग्राम
32			*अररिया	केवीके अररिया
33			*मुजफ्फरपुर	केवीके सरैया
34			*औरंगाबाद	केवीके औरंगाबाद (सिरिस)
35	**छत्तीसगढ़**	9	*महासमुंद	केवीके महासमुंद
36			*कोरबा	केवीके कोरबा
37			जशपुर	केवीके डुमरबहार
38			*नारायणपुर	केवीके नारायणपुर
39			*बीजापुर	केवीके बीजापुर
40			*राजनादगांव	केवीके राजनादगांव
41			*कांकेर	केवीके कांकेर
42			*दंतेवाड़ा	केवीके दंतेवाड़ा
43			कोरिया	केवीके कोरिया (साल्का)
44	**गोवा**	2	उत्तरी गोवा	केवीके गोवा
45			दक्षिण गोवा	केवीके पंजिक

46	**गुजरात**	9	पंचमहल	केवीके पंचमहल
47			*दाहोद	केवीके दाहोद
48			अमरेली	केवीके अमरेली
49			डैंग	केवीके वाघई
50			*नर्मदा	केवीके बीज गुणन फार्म, देडियापाड़ा
51			वडोदरा	केवीके वडोदरा
52			वलसाड	केवीके वलसाड
53			जामनगर	केवीके वायु सेना रोड
54			सूरत	केवीके सीआरसी, अथवलाइन
55	**हरियाणा**	6	सोनीपत	केवीके जगदीशपुर, सोनीपत
56			शिकोहपुर	केवीके गुड़गांव
57			करनाल	केवीके एनडीआरआई
58			महेंद्रगढ़	केवीके महेंद्रगढ़
59			कुरुक्षेत्र	केवीके अर्बनस्टेट
60			यमुनानगर	केवीके दामला
61	**हिमाचल प्रदेश**	4	*चंबा	केवीके चंबा (सरु फार्म)
62			बिलासपुर	केवीके बिलासपुर
63			सुंदरनगर	केवीके मंडी
64			सिरमौरी	केवीके सिरमौर (धुलाकुआं)
65	**जम्मू और कश्मीर**	4	*बारामूला	केवीके बारामुला (कुंजर, तंगमर्ग)
66			कठुआ	केवीके कठुआ
67			*कुपवाड़ा	केवीके कुपवाड़ा
68			रियासी	केवीके रियासी
69	**झारखंड**	17	*लोहरदग्गा	केवीके लोहरदग्गा बीएयू
70			*पश्चिम सिंहभूम*	केवीके बीएयू जगन्नाथपुर
71			*साहिबगंज	केवीके साहिबगंज
72			*कुंथी	केवीके दियांकेल गांव
73			*सिमडेगा	केवीके बानो सिमडेगा
74			*पाकुरू	केवीके पाकुड़
75			*गोड्डा	केवीके गोड्डा
76			देवघर	केवीके देवघर
77			*छत्र	केवीके चतरा
78			*पलामू	केवीके पलामू डाल्टनगंज
79			*बोकारो	केवीके बोकारो (पेटाबवर)
80			*गढ़वा	केवीके गढ़वा
81			*रामगढ़	केवीके रामगढ़
82			*गिरिडीह	केवीके गिरिडीहबेंगाबाद
83			* हजारीबाग	केवीके हजारीबाग
84			*लातेहार	केवीके लातेहार बालूमठ
85			* गुमला	केवीके गुमला बिष्णुपुर
86	**कर्नाटक**	12	हावेरी	केवीके हनुमानमट्टी
87			मंड्या	केवीके, वीसीफार्म, मांड्या
88			बेल्लारी	केवीके हागेरि
89			चिकमंगलूर	केवीके चिकमंगलूर
90			कोडागू	केवीके गोनिकोप्पल
91			बागलकोट	केवीके कृषि अनुसंधान केंद्र,
92			कोप्पल	केवीके एआरएस कैंपस, कनकगिरी रोड

93			*यादगीर	केवीके कवादिमट्टी
94			तुमकुर	केवीके जार, कोनेहल्ली
95			रामनगरम	केवीके चंदुरयंगहल्ली
96			चमराजनगर	केवीके बीज फार्म, हरदनहल्ली
97			कोलार	केवीके टंका फार्म
98	**केरल**	3	मलप्पुरम	केवीके मलप्पुरम
99			पालघाट	केवीके पट्टाम्बिक
100			कोल्लम	केवीके कोल्लम
101	**लक्षद्वीप**	1	किल्टान	केवीके, लक्षद्वीप
102	**मध्य प्रदेश**	14	अशोकनगर	केवीके अशोकनगर
103			*सिंगरौली	केवीके सिंगरौली
104			नीमच	केवीके नीमच
105			रीवा	केवीके रीवा
106			कटनी	केवीके कटनीस
107			*दमोह	केवीके दमोह
108			*बड़वानी	केवीके बड़वानी
109			*राजगढ़	केवीके राजगढ़
110			शहडोल	केवीके शहडोल
111			बालाघाट	केवीके बड़गांव
112			*गुना	केवीके गुना
113			*खंडवा	केवीके खंडवा
114			शिवपुरी	केवीके शिवपुरी
115			* छतरपुर	केवीके छतरपुर (नौगांव)
116	**महाराष्ट्र**	10	नागपुर	केवीके नागपुर
117				केवीके ठाणे
118			*नंदुरबार	केवीके नंदुरबार
119			सोलापुर	केवीके सोलापुर-II
120			*उस्मानाबाद	केवीके उस्मानाबाद
121			औरंगाबाद	केवीके औरंगाबाद-I
122			भंडारा:	केवीके भंडारा
123			*गढ़चिरौली	केवीके गढ़चिरौली
124			बुलडाना	केवीके बुलडाना-II
125			*वाशिम	केवीके वाशिम
126	**मणिपुर**	1	*चंदेल	केवीके चंदेल
127	**मेघालय**	2	*रिभोई	केवीके रिभोई
128			पश्चिम खासी हिल्स	केवीके नोंगस्टोइन
129	**मिजोरम**	1	*ममित	केवीके ममित
130	**नगालैंड**	2	मोकोकचुंग	केवीके मोकोकचुंग
131			*किफायर	केवीके किफायर
132	**नई दिल्ली**	1	दक्षिण-पश्चिम जिला	केवीके उजवा
133	**उड़ीसा**	10	कटक	केवीके कटक (संथापुर फार्म)
134			*रायगडा	केवीके, गुनुपुर
135			मयूरभंज	केवीके मयूरभंज
136			*बालांगीर	केवीके निमकाना
137			जगतसिंहपुर	केवीके जगतसिंहपुर
138			नयागढ़	केवीके पानीपोलिया
139			गंजम	केवीके बेनाकुड़ा
140			* गजपति	केवीके आर उदयगिरि

141			पुरी	केवीके पुरी
142			अंगुल	केवीके अंगुल
143	**पुदुचेरी**	1	पुदुचेरी	केवीके पुदुचेरी
144	**पंजाब**	5	रोपड़	केवीके रोपड़
145			जालंधर	केवीके जालंधर (नूरमहल)
146			*फिरोजपुर	केवीके फिरोजपुर (मालवल फार्म)
147			*मोगा	केवीके मोगा (बुद्ध सिंह वाला)
148			बरनाला	कृषि विज्ञान केंद्र, बरनाला-148107
149	**राजस्थान**	9	चित्तौड़गढ़	केवीके, चित्तौड़गढ़
150			डूंगरपुर	केवीके डूंगरपुर
151			*करौली	केवीके करौली
152			*जैसलमेर	केवीके जैसलमेर-I
153			हनुमानगढ़	केवीके संगरिया, हनुमानगढ़-I
154			जालौर	केवीके जालोर
155			*धौलपुर	केवीके धौलपुर
156			*बरन	केवीके अंता, बरन
157			*सिरोही	केवीके सिरोही
158	**सिक्किम**	2	पूर्वी सिक्किम	केवीके रानीपूल
159			*पश्चिम सिक्किम	केवीके मंगा
160	**तमिलनाडु**	10	कुड्डालोर	केवीके वृद्धाचलम
161			पुदुक्कोट्टई	केवीके पुदुक्कोट्टई
162			*रामनाथपुरम	केवीके रामनाथपुरम
163			*विरुधुनगर	केवीके अरुप्पुकोट्टई
164			वेल्लोर	केवीके विरिंजीपुरम
165			तिरुवल्लुर	केवीके तिरुर
166			कांचीपुरम	केवीके कट्टुपक्कम
167			धर्मपुरी	केवीके पप्पारापट्टी
168			सलेम	कृषि विज्ञान केंद्र, सलेम
169			तिरुविरापल्ली	केवीके सिरुगामणि
170	**तेलंगाना**	4	*आदिलाबाद	केवीके आदिलाबाद
171			नलगोंडा	केवीके नलगोंडा (कम्पसागर)
172			*वारंगल	केवीके वारंगल (ममनूर)
173			*खम्मम	केवीके खम्मम (वाईरा)
174	**त्रिपुरा**	1	*ढलाई	केवीके धलाई
175	**उत्तर प्रदेश**	17	भदोही	केवीके भदोही
176			*सोनभद्र	केवीके तिसुही, सोनभद्र
177			कन्नौज	केवीके कन्नौज (अनौघी), कन्नौज
178			गोरखपुर	केवीकेबेलीपर, गोरखपुर
179			*फतेहपुर	केवीके थारियोन, फतेहपुर
180			बुलंदशहर	केवीके, बुलंदशहर, बुलंदशहर
181			*चित्रकूट	केवीके गनिवन (वाया-पहाड़ी), चित्रकूट
182			जौनपुर	केवीके जौनपुर
183			कुशीनगर	केवीके वेज सीड प्रोडक्ट फार्म, कुशीनगर
184			आजमगढ़	केवीके हरबंसपुर, आजमगढ़
185			*सिद्धार्थनगर	केवीके सोहना, सिद्धार्थनगर
186			गाज़ीपुर	केवीके पीजी कॉलेज रवींद्रपुरी, गाजीपुर
187			शाहजहांपुर	केवीके नियामतपुर, शाहजहांपुर

188			बागपत	केवीके मेरठ रोड, बागपत
189			*बलरामपुर	मोतीपुर के पास केवीकेहरहावा, बलरामपुर
190			*चंदौली	केवीके बिछियाअग्रिल फार्म, चंदौली
191			मैनपुरी	कृषि विज्ञान केंद्र, मैनपुरी-205001
192	**उत्तराखंड**	**3**	अल्मोड़ा	केवीके अल्मोड़ा
193			नैनीताल	केवीके नैनीताल (ज्योलिकोट)
194			पिथौरागढ़	केवीके पिथौरागढ़ (गैनाअंकोली)
195	**पश्चिम बंगाल**	**6**	* मुर्शिदाबाद	केवीके मुर्शिदाबाद
196			उत्तर 24 परगना	केवीके अशोकनगर उत्तर 24 परगना
197			जलपाईगुड़ी	केवीके जलपाईगुड़ी
198			*बीरभूम	रथिंद्र केवीके, शांतिनिकेतन, बोलपुर
199			पुरलिया	केवीके पुरलिया
200			*मालदा	केवीके रतुआ, मालदा

* संभावित जिले

*****